# माँ तेरे नवरात्रे आए हैं | By Rajan Mor |

नवरात्रे आए हैं
माँ तेरे नवरात्रे आए हैं
आओ मिलके खुशियाँ मनाएँ,
नाचे गाएँ माँ की ज्योत जलाएँ
सौगाते पाए हैं
मैया जी नवरात्रे आए हैं
माँ तेरे नवरात्रे आए हैं

सबसे पहले शैलपुत्री को आकर नमन करें
ब्रह्मचारिणी माँ की सेवा, माँ का भजन करें
कूष्मांडा माता का सिमरन जो करते
सोए भाग्य हैं उनके सँवरते
मुरादें पाए हैं
मैया जी नवरात्रे आए हैं
माँ तेरे नवरात्रे आए हैं

चंद्रघंटा माँ की जिसने भी है ज्योत जलाई
आँगन उसके आए स्कंद माँ जिसने आवाज़ लगाई
कात्यायनी माँ है निराली
हम तेरे सेवक हैं, तेरे सवाली
आश लगाए हैं
मैया जी नवरात्रे आए हैं
माँ तेरे नवरात्रे आए हैं

काली रूप बनाकर मैया दुष्टों का संहार करे
तू महागौरी माता अपने भक्तों का उद्धार करे
शेर सवारी करके माँ आजा
राजा गोहर को दर्शन दिखा जा
पलकें बिछाए हैं
मैया जी नवरात्रे आए हैं
माँ तेरे नवरात्रे आए हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%8f-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-rajan-mor/